No – 06
Dt – 01-02-2022

# क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान, भुवनेश्वर

(राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवम प्रशिक्षण परिषद)

कार्यवृत्त

संस्थान में 'राजभाषा कार्यान्वयन समिति' की तिमाही बैठक दिनांक 28.12.2021 को अपराह्न 3.30 बजे संस्थान के प्राचार्य महोदय की अध्यक्षता में राजभाषा कार्यान्वयन कार्यों की समीक्षा करने के साथ-साथ आगामी कार्यवाही पर विचार करने हेतु आयोजित की गई इस बैठक में निम्नवत सदस्य उपस्थित रहे :-

1. प्रो. प्रकाश चंद्र अग्रवाल, प्राचार्य व सभापति
2. प्रो. अनिमेष महापात्र, विभागाध्यक्ष, गणित और विज्ञान शिक्षा विभाग
3. प्रो. गौरम्मा आई पी., विभागाध्यक्ष, शिक्षा विभाग
4. डॉ. श्रीमती पुष्पलता नेगी, पुस्तकालयाध्यक्ष
5. डॉ. रश्मिरेखासेठी, वार्ड्न, रामानुजन बालिका छात्रावास
6. डॉ. सौरभ कपूर, सहा. प्राध्यापक गणित, वार्ड्न, होमीभाभा छात्रावास
7. डा. धन्याकृष्णन, सहा. प्राध्यापक, विस्तार शिक्षा विभाग
8. श्रीमती सविता पट्टनायक, प्रभारी प्रधानाध्यापक, प्रायोगिक विद्यालय
9. श्री पुष्कर बेहेरा, प्रशासनिक अधिकारी
10. मो.गुलाम रहबर, स्नातकोत्तर अध्यापक, इतिहास, प्रायोगिक विद्यालय
11. श्री प्रदीप कुमार राय, अनुभाग अधिकारी, स्थापना
12. श्री सुशांत कुमार राउत, अनुभाग अधिकारी, परिसर एवम कल्याण अनुभाग
13. श्री श्री कुमार त्रिपाठी, वरिष्ठ लेखाकार, लेखा अनुभाग
14. श्री प्रदीप कुमार बेहेरा, सहायक भंडार अधिकारी
15. श्री पंकज कुमार मिश्र, स्नातकोत्तर अध्यापक, हिंदी, प्रायोगिक विद्यालय (समन्वयक सदस्य)
16. श्री जीतेंद्र कुमार सतपथी, प्रवर श्रेणी लिपिक

बैठक में सर्वप्रथम श्री पंकज कुमार मिश्र, स्नातकोत्तर अध्यापक, हिंदी, प्रायोगिक विद्यालयव समन्वयक सदस्यनेसभापति महोदय तथा उपस्थितअन्य सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया साथ ही सभापति महोदय की अनुमति से कार्यसूची में अंकित मदों पर चर्चा प्रारंभ की। इस प्रकार बैठक में विगत कार्यवृत्त में उल्लिखित कार्यों को उनकी समीक्षा हेतु सभी के समक्ष रखा जो निम्नवत हैं:-

**अनुवर्ती कार्रवाई:-**

| क्र. | कार्रवाई बिंदु | की गई कार्रवाई |
|---|---|---|
| 1 | हिंदी अनुवादक पद का सृजन | परिषद के हिंदी प्रकोष्ठ को हिंदी अनुवादक पद के सृजन के लिए संस्थान से पत्र भेजा गया। |
| 2 | वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित अंगेजी-हिंदी प्रशासनिक शब्दावली का क्रय और वितरण | संस्थान से वैज्ञानिक और तकनीकी शब्दावली आयोग द्वारा प्रकाशित अंगेजी-हिंदी प्रशासनिक शब्दावली का 35 प्रति का क्रय किया गया और विभागों अनुभागों में उसका वितरण किया जा चुका है। |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | संस्थान की वेबसाइट का अद्यतन और द्विभाषी कार्य | संस्थान की वेबसाइट का अद्यतन और द्विभाषी करने का कार्य प्रगति में है |
| 4. | कार्मिकों के द्विभाषी परिचय पत्र कार्य | कार्रवाई आपेक्षित |
| 5. | संस्थान और विद्यालय की भित्तियों में महापुरुषों,विद्वानों के हिंदी विषयक विचारों का प्रदर्शन | कार्य समिति के विचाराधीन प्रगति में है। |
| 6 | विभागों, अनुभागों के द्विभाषीप्रपत्रों,कागजातों मुहरों आदि के निरीक्षण | समिति का पुनर्गठन किया जा चुका है कार्यवाई प्रगति में है। |

**बैठक में जो सर्वसम्मति से निर्णय लिए गए अधोलिखित हैं:-**

**1**.बैठक में सभापति की अनुमति से समन्वयक सदस्य पंकज कुमार मिश्र ने भारत सरकार गृह मंत्रालय के द्वारा आयोजित प्रथम राजभाषा सम्मेलन जो कि दिनांक 13-14 नवंबर,2021 को वाराणासी में आयोजित किया गया था जिसमें संस्थान की तरफ़ से समन्वयक सदस्य ने स्वयं भाग लिया था साथ ही दिनांक 18.12 2021 को पूर्व व पूर्वोत्तर क्षेत्र के संयुक्त राजभाषा सम्मेलन जो कि दिब्रूगढ,असम में आयोजित किया गया था जिसमे संस्थान की तरफ से कार्यालय प्रमुख प्राचार्य महोदय और समन्वयक सदस्य ने भाग लिया था उक्त दोनों स्म्मेलनों का संक्षेप में विवरण प्रस्तुत किया।

**2**. प्राचार्य महोदय ने सुझाव दिया कि धारा 3(3) के तहत जरूरी कागजातों जिनका अनुवाद द्विभाषी आवश्यक है, के लिए उनमें निहित तकनीकी शब्दावली और अनुवाद कार्य हेतु परिषद के हिंदी प्रकोष्ठ के दिशा-निर्देशों का पालन किया जाए और उचित सहयोग लेकर अनुवाद कार्य को पूर्ण किया जाए। साथ ही आपने समन्वयक को निर्देशित किया कि सभी विभागों और अनुभागों को पत्र लिखकर जरूरी कागजातों, मुहरों,प्रोफार्मातथा अन्य दस्तावेजों की सूची माँग की जाए जिनका द्विभाषी अनुवाद राजभाषा के नियमानुसार परम आवश्यक व अनिवार्य है। बैठक में सभी विभागों, अनुभागों को एक निश्चित समय सीमा में माँग और जरूरत के अनुसार इन कार्यों को प्राथमिकता से करने का आग्रह किया गया।

**3**. संस्थान की वेबसाइट के अद्यतन और द्विभाषी कार्य के लिए बनी समिति पर चर्चा हुई और सर्वसम्मति से मानदंडों के आधार पर निश्चित समय सीमा में इस कार्य को पूर्ण करने की बात कही गई। साथ ही सभापति महोदय ने उन समस्त कार्यों में गति लाने की बात कही जो कि समस्त कार्य कार्यसूची में लंबित या प्रगति में हैं।

**4**.बैठक में समन्वयक ने हिंदी पत्राचार को बढाने का सभी से आग्रह किया साथ ही अभी विभागों, अनुभागों के प्रमुखों को समस्त फाइलों को द्विभाषी शीर्षक में लिखने पर जोर भी दिया उसके साथ परिषद के हिंदी प्रकोष्ठ से प्राप्त पत्र जिसमें हिंदी के अधिकाधिक प्रगामी प्रयोग के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं उस परिपत्र को समस्त विभागों अनुभागों को प्रेषित करने की सूचना दी और उन दिशा-निर्देशों को अक्षरश: पालन करने का आग्रह भी किया। बैठक में अणुपत्रों (ई मेल) को हिंदी पत्राचार में शामिल करने की बात भी परिषद के निर्देशानुसार करने की बात रखी गई।

**5**. बैठक में संस्थान के समस्त अधिकारियों कर्मचारियों हेतु एक पूर्ण दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन माह जनवरी के तीसरे या चौथे सप्ताह में किसी कार्य दिवस में करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया इस कार्यशाला में 'कंठस्थ' हिंदी अनुवाद के बारे में प्रशिक्षण हेतु किसी वाह्य विशेषज्ञ को बुलाने की बात भी कही गई साथ ही हिंदी पत्राचार को बढाबा देने के लिए हिंदी में आवेदन पत्र लिखने हेतु प्रशिक्षण की बात को कार्यशाला में शामिल करने का सुझाव श्रीमती सविता पटनायक, प्रभारी प्रधानाध्यापक,डी.एम. स्कूल ने दिया।

**6**.श्री श्री कुमार त्रिपाठी वरिष्ठ लेखाधिकारी ने संस्थान में छोटी-छोटी सूचनाओं कोद्विभाषी जारी करने की बात भी कही इस संबंध में यह निर्णय लिया गया कि संस्थान व डीएम स्कूल की सूचनाओं को यथासंभव द्विभाषी जारी किया जाए।

**7**. बैठक में एक बार पुन: समस्त विभागों, अनुभागों को हिंदी पत्राचार बढाने,हिंदी पत्रों का हिंदी में जवाब देने की बात को दुहराया गया साथ ही फाइलों की टिप्पणियों में यह उल्लेख करने की बात भी कही गई की पत्र किस भाषा में प्राप्त हुआ और उसे द्विभाषी में जारी किया गया या नहीं। प्राचार्य महोदय ने विभाग और अनुभाग प्रमुखों को इस बात को जोर देकर कहा कि पत्र में हस्ताक्षर के पूर्व इस बात को सुनिश्चित किया जाए कि पत्र का जवाब किस भाषा में दिया जाना आवश्यक है । यथासंभव इस बात को भी ध्यान में रखा जाए कि भेजे जाने वाले पत्रों को अनिवार्यत:द्विभाषी किया जाए ।

8. संस्थान व विद्यालय के सूचना व प्रदर्शन पटल पर 'आज का शब्द'और 'आज का विचार'अनिवार्यत: लिखने की बात को प्रकाश में लाया गया इस संबंध में सभापति महोदय ने समन्वयक सद्स्य को निर्देशित किया कि एक समिति बनाकर हिंदी के शब्दों और विचारों को नियमित रूप से संस्थान और विद्यालय में उन्हें प्रदर्शित किया जाए।

9. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की सदस्या डॉ. श्रीमती प्रियतमा कुमारी सिंह, प्रशिक्षित स्नातक अध्यापिका, हिंदी,डी.एम. स्कूल के आकस्मिक निधन को समस्त सदस्यों ने संस्थान की अपूरणीय क्षति कहा तथा बैठक में उनके लिए दो मिनट मौन रहकर विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

**सभापति महोदय का उद्बोधन**:- बैठक में सभापति महोदय ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में सभी विभाग,अनुभाग प्रमुखों से हिंदी में ज्यादा से ज्यादा स्वयं काम करने और उनके विभागों और अनुभागों के अंतर्गत मातहतों को हिंदी में ज्यादा से ज्यादा काम करने और प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। फ़ाइलों में कुछ अनुभागों में हिंदी में ज्यादा टिप्पणियाँ लेखन को लेकर सभापति महोदय और सभी सद्स्यों नें खुशी जाहिर कीऔर इस प्रगति सूचक संकेत को देखकर अति प्रसन्नता प्रकट की । साथ ही विगत समस्त राजभाषा कार्यान्वयन कार्यों की समीक्षा में अपने मूल्यवान सुझाव दिए और पूरे मनोयोग के साथ समस्त जनों को अपना सदैव सहयोग प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई।

**आभार प्रकट:-** बैठक के अंत में डॉ.धन्याकृष्णन, सहा.प्राध्यापक ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों और सम्मानित सदस्यों का उनके मूल्यवान सुझाव और समय देने के लिए हृदय से आभार प्रकट किया।

प्र.प्राचार्य 3/11/22

प्रतिलिपि:-

1. समस्त सदस्य, राजभाषा कार्यान्वयन समिति, क्षे.शि.स. भुवनेश्वर
2. हिंदी प्रकोष्ठ,रा.शै.अनु.एवमप्रशि.परि.,नई दिल्ली
3. संस्थान की वेबसाइट में अपलोड हेतु
4. कार्यालय प्रति

पंकज कुमार मिश्र